# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

07/02/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Hindustan, Prayagraj (UP)**



बुधवार को बीएसएफ दल की ट्रेनिंग की शुरूआत हुई। • हिन्दुस्तान

## यूएन मिशन से पहले ट्रेनिंग शुरू

मेरठ। यूएन मिशन पर कांगो देश में जाने से पहले बीएसएफ का 20 सदस्यीय दल बुधवार को भीड़ नियंत्रण सीखने के लिए मेरठ में पहुंचा। यहां रैपिड एक्शन फोर्स 108 बटालियन के आरएएफ एकेडमी पब्लिक ऑर्डर (रेपो) में उनकी तीन दिवसीय ट्रेनिंग शुरू हुई।

मेरठ के सीजेएम अपूर्व सिंह ने उद्घाटन सत्र में कोर्स के संचालन और उद्देश्य पर विचार रखे। रेपो प्रभारी बिजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि अकादमी को लोक व्यवस्था प्रबंधन की क्षमताओं को बढ़ाने सहित प्रशिक्षण, शोध व विकास कार्यों के रूप में विकसित किया जा रहा है। असिस्टेंट कमांडेंट सोनिया ने बताया कि बीएसएफ अप्रैल में यूएन मिशन पर कांगो देश में जाएगा।

**Hindustan, Prayagraj (UP)**

# बीएसएफ जवानों ने सीखा क्राउड कंट्रोल मैनेजमेंट

जागरण संवाददाता, मेरठ : यूएन मिशन पर जाने से पूर्व बीएसएफ के अधिकारी और जवान रैपी में पसीना बहा रहे हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान वे क्राउड कंट्रोल से लेकर मैनेजमेंट के गुर सीख रहे हैं।

वेदव्यासपुरी स्थित आरएएफ एकेडमी पब्लिक आर्डर (रैपी) में बीएसएफ के 20 अधिकारियों और जवानों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है।

रैपी प्रभारी विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि टीम में एक कमांडेंट, एक सेकंड इन कमान अधिकारी, दो डिप्टी कमांडेंट, चार इंस्पेक्टर, दो हेड कांस्टेबल समेत 20 जवानों की टीम है। तीन दिनी प्रशिक्षण मंगलवार को शुरू हुआ। बुधवार को उन्हें क्राउड कंट्रोल, फुट टैक्निकल, दंगों में खुद के साथ वीआइपी को बचाने की जानकारी दी। लेस लीथल वेपन के बारे में भी बताया। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गुरुवार को प्रशिक्षण खत्म हो जाएगा, जिसके बाद टीम यूएन मिशन पर कांगो के लिए रवाना हो जाएगा। वहां एक साल तक जवान रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान बीएसएफ के कमांडेंट अहसान शहीदी व आरएएफ अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि बीएसएफ के जवानों से पहले जम्मू पुलिस के जवानों को रैपी में 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया था। रैपी प्रभारी ने बताया कि रैपी दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन व लोक व्यवस्था क्षेत्र में भारत का प्रथम व एकमात्र प्रशिक्षण केंद्र है।



रैपी में प्रशिक्षण के लिए आए बीएसएफ जवान एवं अधिकारी • जागरण

**Dainik Jagran, Lohardaga (JKD)**

19° अधिकतम तापमान 14° न्यूनतम तापमान सूर्य उदय 05:37 अस्त 06:28

लोहरदगा जागरण

# स्थिति हुई सामान्य, शहर से हटा कर्फ्यू

## लोहरदगा में धारा 144 के तहत **अगले आदेश तक** निषेधाज्ञा रहेगा प्रभावी, बिना अनुमति की नहीं होगी सभा

जागरण संवाददाता, लोहरदगा : लोहरदगा जिले में विगत 23 जनवरी को हिंसक वारदात की घटना के बाद लगाए गए कर्फ्यू को 15वें दिन गुरुवार से कर्फ्यू को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया। जिला प्रशासन ने वर्तमान स्थिति की समीक्षा एवं प्रखंडों से प्राप्त विधि व्यवस्था प्रतिवेदन एवं विभिन्न स्तरों पर प्राप्त अधिसूचना सत्यापन के उपरांत यह निष्कर्ष निकाला कि जिले में वर्तमान में शांति व्यवस्था की स्थिति स्थापित है।

इसके बाद 6 फरवरी से सुबह 5:00 बजे से लेकर संपूर्ण क्षेत्र से कर्फ्यू हटा दिया गया। 23 जनवरी 2020 को इस घटना के बाद कुछ बिंदुओं पर जरूरी निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत जिले में 144 की धारा जारी रहेगी। इस दौरान किसी भी स्थल पर 4 या 4 से अधिक लोग एकत्रित नहीं होंगे। कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व अनुमति के न तो कोई सभा करेगा और न ही जुलूस निकाल सकेगा। साथ ही धार्मिक, जातीय एवं भाषाई समुदाय के बीच मतभेद बनाने वाला कार्य नहीं करेगा।

कोई व्यक्ति किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाएगा। शांति व्यवस्था को भंग करने वाले संदेशों का आदान-प्रदान नहीं करेगा। किसी भी माध्यम से उत्तेजक भाषण का संप्रेषण नहीं किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ लेकर नहीं चलेगा और न ही किसी व्यक्ति को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। अस्त्र-शस्त्र का आदेश सिख समुदाय के व्यक्तियों और लाठी लेकर चलने वाले वृद्ध व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा। कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं करेगा, न ही दूसरों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।



कर्फ्यू के बाद बाजार में छायी रौनक • जागरण

## दहशत का माहौल खत्म, बाजारों में रौनक

जासं लोहरदगा : लोहरदगा जिले में जनजीवन के पूरी तरह से सामान्य हो चुका है। बाजारों में रौनक छा गई है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक में हालात को सामान्य बनाने में पुलिस-प्रशासन को कामयाबी मिली है। स्थिति को और बेहतर करने को लेकर जिला प्रशासन की कोशिशें अब रंग ला चुकी है। जिले के हर क्षेत्र में ऐसे हालात बन चुके हैं कि लोग बिना किसी खौफ के घर से बाहर निकल सकें। पुलिस प्रशासन ने लगातार समीक्षा बैठक के माध्यम से स्थिति को सामान्य बनाने का पूरा प्रयास किया है। लोहरदगा में पूरी तरह से अमन-चैन अब लौट चुका है। जनजीवन को और भी बेहतर ढंग से पटरी पर लाने की कोशिश है। हालांकि प्रशासन की ओर से अब भी प्रयास को जारी रखते हुए उन मौहाल को तैयार करने की कोशिश की गई है, जिस माहौल में लोग इससे पहले रह रहे थे। बिना किसी खौफ और भय के लोग रात-दिन साथ मिलकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। हर आम खास के साथ प्रशासन सौहार्द बनाने की कोशिशों को अमल में लाने में जुटी हुई है। आपसी समन्वय और सौहार्द के सहारे जनजीवन को पटरी पर लाने के प्रयास भी जारी है। डीसी आकांक्षा रंजन, एसपी प्रियदर्शी आलोक लगातार क्षेत्र भ्रमण कर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश भी दे रहे हैं। लोहरदगा में गुरुवार को बाजार सामान्य दिनों की तरह ही खुले। बाजारों में चहल-पहल भी काफी ज्यादा देखने को मिली है। जिससे कि परिस्थितियां तेजी से सामान्य नजर आ रही हैं। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी अब सामान्य हो चुकी है। इसके अलावा अस्पताल में मरीजों की भीड़, रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ और यात्री वाहनों के परिचालन की वजह से लोगों ने काफी राहत महसूस की है। 15 दिनों तक यहां का जनजीवन बिल्कुल कैद होकर रह गया था। विगत 23 जनवरी को हुई घटना के बाद परिस्थितियां काफी विषम हो गई थीं। लोग खौफ में जी रहे थे। अब हालात तेजी से सामान्य हो चुके हैं। जिसकी वजह से जनजीवन पटरी पर लौट चुका है। जिले में अब लंबे रूट की गाड़ियों का परिचालन भी सामान्य तौर पर हुआ है। तो वहीं जिले के लगभग स्कूल कॉलेज व दुकान भी अब खुल रहे हैं।



शहरी क्षेत्र स्थित गलियों में फ्लैग मार्च करते रैफ के जवान व पदाधिकारी • जागरण

## कर्फ्यू खत्म होने के बाद भी सुरक्षा व हालात पर नजर

जागरण संवाददाता, लोहरदगा : लोहरदगा जिले में कर्फ्यू खत्म होने के बाद भी सुरक्षा और हालात पर पुलिस प्रशासन की नजर बनी हुई है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में पुलिस के जवान रात-दिन ड्यूटी कर रहे हैं। हिंसा और बवाल के मद्देनजर दंडाधिकारी के साथ सशस्त्र बल अभी भी तैनात है। जिले में अब भी धारा 144 लागू है। इसकी वजह से लोगों को प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना पड़ रहा है। आम जनजीवन को पटरी पर लाने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी शांति समिति की बैठकों के माध्यम से समन्वय स्थापित करने का प्रयास चल रहा है। सुरक्षा के माध्यम से लोगों को एक बेहतर माहौल देने की कोशिश की गई है। जिला पुलिस बल के जवानों को राहत देते हुए अब 8-8 घंटे की ड्यूटी में भी तब्दील किया गया है। जिसके कारण जिला पुलिस बल के जवान राहत महसूस कर सकें और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी ड्यूटी का पालन कर सकें। पुलिस प्रशासन द्वारा जवानों की सुविधा और समस्याओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में जिला पुलिस बल के जवानों के अलावा अर्धसैनिक बल के जवान तैनात हैं। जिससे कि रात के समय किसी प्रकार की परेशानी लोगों को न झेलनी पड़े। जिला प्रशासन के अधिकारी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार समीक्षा के माध्यम से स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। आम लोगों से फीडबैक लेने के साथ-साथ खुफिया तंत्र के माध्यम से भी सूचनाओं का संग्रह किया जा रहा है। पुलिस के अधिकारी समीक्षा के माध्यम से हर एक बिंदु पर पड़ताल कर रहे हैं। शहर के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे इलाकों की पड़ताल भी की जा रही है। जिसके माध्यम से आम लोगों को एक सुरक्षित माहौल देने में पुलिस प्रशासन कामयाब हो सके। अब धीरे-धीरे हालात सामान्य होने लगे हैं। लोगों के अंदर खौफ भी खत्म हो चुका है। गुरुवार को जिले में पूरी तरह से सामान्य नजर आई है।

**Aajkaal, Rajkot Gujrat**

# રેપિડ એક્શન ફોર્સની પ્લાટૂન રાજકોટમાં: એ-ડિવીઝન પોલીસને સાથે રાખી ફ્લેગમાર્ચ યોજી

## સહા.કમાન્ડન્ટ રામાનંદપ્રસાદની આગેવાનીમાં નિયમિત અભ્યાસના ભાગ રૂપે સંવેદનશિલ, અતિસંવેદનશિલ વિસ્તારોમાં ફ્લેગ માર્ચ યોજી જાણકારી મેળવી: ૧૦મી સુધી અન્ય પોલીસ સ્ટેશનોની મુલાકાત પણ લેશે



રાજકોટ: રેપિડ એક્શન ફોર્સ વસ્ત્રાલ અમદાવાદની એક પ્લાટૂન સહાયક કમાન્ડન્ટ શ્રી રામાનંદપ્રસાદની આગેવાનીમાં રાજકોટ આવી છે. આર.એ.એફ.ની આ બટાલીયન નિયમીત અભ્યાસના ભાગ રૂપે તા. ૧૦મી સુધી રાજકોટમાં રહી અલગ-અલગ પોલીસ સ્ટેશનોની મુલાકાત લઇ ઇન્ચાર્જ અને તેમની ટીમ સાથે બેઠક યોજી જે તે પોલીસ મથક હેઠળના સંવેદનશીલ, અતિસંવેદનશીલ વિસ્તારોની માહિતી મેળવશે તેમજ તોફાનો ફાટી નીકળે ત્યારે જે તે વિસ્તારમાં કયા રસ્તેથી પહોંચી શકાય? તેની માહિતી મેળવશે તેમજ મહત્વપુર્ણ સ્થાનોની જાણકારી મેળવશે. આજે આ ટૂકડીએ એ-ડિવીઝન પોલીસ મથકની મુલાકાત લીધી હતી અને પીઆઇ એન. કે. જાડેજા, પીએસઆઇ ડોડીયા પીએસઆઇ વી. સી. રંગપરીયા પાસેથી માહિતી મેળવી હતી અને એ-ડિવીઝન વિસ્તારમાં ફલેગમાર્ચ યોજી હતી. (૧૪.૧૦)

**A/100 BN RAF FAMEX DUTY AT RAJKOT GUJRAT**

**Aawami, Lohardaga (JKD)**

# کرفیو میں 15 گھنٹے کی نرمی، سڑکوں پر نظر آئے لوگ

## اب تک 51 لوگوں کو گرفتار کر جیل بھیجا جا چکا ہے، شرط کے ساتھ دی گئی تھی ڈھیل




لوہردگا۔ (عوامی نیوز): گزشتہ 23 جنوری کو لوہردگا میں ترنگا یاترا کے دوران پتھربازی اور آگ زنی کے واقعہ کے بعد لگائے گئے کرفیو میں اب تیزی سے سدھار ہو رہا ہے اور عام لوگوں کی زندگی معمول پر آ رہی ہے۔ حالات لگ بھگ اب پٹری پر لوٹ رہی ہیں۔ شہری اور دیہی علاقوں میں معمولات زندگی کو رفتار مل رہی ہے۔ حالات کا جائزہ لینے کے بعد انتظامیہ کی ہدایت پر بدھ کو کرفیو میں 15 گھنٹے کی نرمی دی گئی ہے۔ کرفیو میں صبح پانچ بجے سے لے کر رات کے آٹھ بجے تک کے لئے نرمی دی گئی ہے۔ جب کہ رات کے آٹھ بجے سے لے کر صبح کے پانچ بجے تک لوہردگا شہری علاقے کے علاوہ کچھ دیہی علاقوں میں کرفیو جاری ہے۔ اس کے بعد صبح سے ہی بازاروں میں رونق لوٹ آئی ہے۔ سورج نکلنے کے ساتھ ہی لوگ سڑکوں پر نظر آنے لگتے ہیں۔ انتظامیہ کے ذریعہ تشکیل دی گئی ایس آئی ٹی کی ٹیم کے ذریعہ بہتر کام کرتے ہوئے تشدد اور کشیدگی پھیلانے کے معاملے میں اب تک 51 لوگوں کو گرفتار کر جیل بھیجا جا چکا ہے۔ اس کے علاوہ کئی لوگوں سے ابھی بھی معاملے پوچھ تاچھ کی جا رہی ہے۔ سیکورٹی نظام کے انتظام اب بھی جاری ہے۔ سیکورٹی کے معاملے میں کوئی ڈھیل نہیں دی جا رہی ہے۔ چپے چپے پر پولس فورسز کے جوان تعینات ہیں۔ ہر آنے جانے والوں پر پولس کی نظر بنی ہوئی ہے۔ عام زندگی بحال کرنے کے لئے لگاتار امن کمیٹی کی میٹنگ بھی ہو رہی ہے۔ کرفیو میں ڈھیل کے بعد سے اسکول کالج اور سرکاری و غیر سرکاری دفتروں کی سرگرمیاں بھی معمول پر آ چکی ہیں۔

**مشروط طور پر دی گئی کرفیو میں 15 گھنٹے کی ڈھیل:** ضلع میں دفعہ 144 کے تحت اگلے حکم تک نافذ رہے گی۔ اس کے لئے کئی رول اور شرطیں بھی لاگو کی گئی ہیں۔ جن میں کسی بھی مقام پر چار یا چار سے زیادہ لوگ ایک ساتھ جمع نہیں ہوں گے۔ کوئی بھی شخص قبل اجازت کے نہ تو کوئی جلسہ کرے گا نہ ہی جلوس نکالے گا۔ کوئی بھی شخص ذات، فرقہ، مذہب اور لسانی طور پر کمیونٹی کے درمیان بھید بھاو بڑھانے وا[...] کام نہیں کرے گا۔ کوئی بھی شخص کسی بھی قسم ک[...] افواہ نہیں پھیلائے گا، امن و امان اور ہم[...] آہنگی کی فضاء خراب کرنے والے پیغا[...] نہیں پھیلائے گا۔ کوئی بھی شخص کسی کے بھی [...] ذریعہ اشتعال انگیز تقریر نہیں کرے گا۔ کوئی [...] بھی شخص اونچی آواز والے لاؤڈ اسپیکر [...] استعمال نہیں کرے گا۔ کوئی بھی شخص کسی بھی [...] طرح کے اسلحہ، دھماکہ خیز اشیا لے کر نہیں [...] چلے گا اور نہ ہی کسی شخص کو ایسا کرنے کے [...] لئے اکسائے یا اس کی ہمت افزائی کرے [...] گا۔ یہ حکم سکھ کمیونٹی کے لوگوں کو کرمخصوص [...] ہتھیار رکھنے اور بوڑھے لوگوں کے لاٹھی لے [...] کر چلنے پر لاگو نہیں ہوگا۔ کوئی بھی شخص سوشل [...] میڈیا، واٹس ایپ گروپ پر کسی بھی طرح کے [...] قابل اعتراض بیان نہیں جاری کرے گا۔ [...] کوئی بھی شخص عام مقامات، مذہبی مقام پر [...] سڑک یا مکان کی چھت پر، اینٹ پتھر جمع [...] کانچ بوتل وغیرہ جمع نہیں کرے گا۔ یہ حکم [...] سرکاری کاموں اور لاء اینڈ آرڈر کے لئے [...] تعینات لوگوں پر لاگو نہیں ہوگا۔

**C/106 BN RAF L/O DUTY AT LOHARDAGA UNDER PS LOHARDAGA (JKD)**

Andhra Jyoti, Medak (TS)

# ఏడుపాయలలో పోలీసుల కవాతు

**పాపన్నపేట, ఫిబ్రవరి 6:** ఏడుపాయల జాతర సందర్భంగా పోలీసులు ఏడుపాయలలో గురువారం కవాతు నిర్వహించారు. పాపన్నపేట ఎస్‌ఐ ఆంజనేయులు ఆధ్వర్యంలో శుక్రవారం200మంది సాయుధ పోలీసులు ఏడుపాయల మాడవీధుల గుండా కవాతు నిర్వహించారు. ఈ సందర్భంగా ఎస్‌ఐ ఆంజనేయులు మాట్లాడుతూ 22న రానున్న మహాశివరాత్రి సందర్భంగా ఏడుపాయలలో జరిగే అతిపెద్ద మహాజాతరకు ముందస్తు భద్రత ఏర్పాట్లలో భాగంగా ఈ కవాతు నిర్వహిస్తున్నట్లు పేర్కొన్నారు.



ఏడుపాయలలో కవాతును నిర్వహిస్తున్న పోలీసులు

## కూచన్‌పల్లిలో

**హవేళిఘణపూర్, ఫిబ్రవరి 6:** మండలపరిధిలోని కూచన్‌పల్లిలో వీధులగుండా ఆర్‌పీఎఫ్ జవానులు పోలీసు కవాతు గురువారం నిర్వహించారు. ఈసందర్భంగా మెదక్ రూరల్ సీఐ రాజశేఖర్ మాట్లాడుతూ గ్రామాల్లో శాంతిభద్రతల నిర్వహణకే కవాతు నిర్వహించామని, ప్రజలందరూ ట్రాఫిక్ నియమాలను పాటించి వాహనాలను నడపాలని, గ్రామంలో అపరిచిత వ్యక్తులు కనిపిస్తే పోలీసులకు సమాచారం అందించాలని సూచించారు. ఈ కార్యక్రమంలో ఎస్‌ఐ శేఖర్‌రెడ్డి, జవానులు పాల్గొన్నారు.

C / 99 BN RAF UNDER PS PAPANNPET AREA ME RAF DWARA FLAG MARCH KIYA GAYA. DIST- MEDAK (T.S)

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF











सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।